संख्या-503/2025/1712/22-2-2023-17(69)/2017

प्रेषक,

शिव गोपाल सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 29 मई, 2025

विषय:- आदर्श कारागार, लखनऊ में निरुद्ध सिद्धदोष बन्दी देशा उर्फ देशराज पुत्र श्री गज्जू, निवासी जनपद-उन्नाव की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अधीक्षक, (मु0) कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या-12154/प्रोवेशन-3-फार्म-ए/(एम-16.03.2023), दिनांक 13.04.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार आदर्श कारागार, लखनऊ में निरुद्ध सिद्धदोष बन्दी देशा उर्फ देशराज पुत्र श्री गज्जू, ग्राम-मेहरबान खेड़ा मौजा मेथी टीकुर, थाना-माखी, जनपद-उन्नाव का निवासी है। पूर्व में हुयी हत्या की रंजिश के कारण दिनांक 11-02-2001 को बन्दी ने अपने 10 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूक, लाठी, व कुल्हाडी से मारकर सरजू, चन्द्रिका, सताना, मंगल व रामखेलावन नामक 05 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा अरविन्द नामक व्यक्ति को घायल कर दिया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र संख्या-228/2001 में भा०द०वि० की धारा-302/149, 307/149, 452, 148, 404 के अन्तर्गत में मा0 अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ई०सी० एक्ट) उन्नाव के आदेश दिनांक 18-12-2004 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। बंदी द्वारा दिनांक 16.01.2023 तक 21 वर्ष, 10 माह 26 दिन की अपरिहार सजा तथा 27 वर्ष, 04 माह 17 दिन की सपरिहार सजा भोग ली गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, उन्नाव द्वारा मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि बन्दी द्वारा पूर्व में हुयी हत्या की रंजिश के कारण दिनांक 11-02-2001 को बन्दी ने अपने 10 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूक, लाठी, व कुल्हाडी से मारकर 05 व्यक्तियों की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत सन्देश जायेगा। बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी देशा उर्फ देशराज पुत्र श्री गज्जू को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3- अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि आदर्श कारागार, लखनऊ में निरुद्ध सिद्धदोष बन्दी देशा उर्फ देशराज (बंदी संख्या-15097) पुत्र श्री गज्जू, निवासी जनपद-उन्नाव के फार्म-ए/लाईसेंस पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए/लाईसेंस पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
शिव गोपाल सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-503/2025/1712(1)/22-2-2023 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- जिला मजिस्ट्रेट, उन्नाव।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, आदर्श कारागार, लखनऊ।
3- नोडल अधिकारी/अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद को विशेष अनुज्ञा याचिका (क्रिमि0) संख्या-529/2021 सोनाधर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य तथा सुओ मोटो रिट पिटीशन (क्रिमि0) संख्या-04/2021 पॉलिसी स्ट्रेट्जी फार ग्रान्ट ऑफ बेल में मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 10.09.2024 के सन्दर्भ में।
4- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी को सूचनार्थ।
5- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी को सूचनार्थ।
6- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
ममता श्रीवास्तव
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-503/2025/1712/22-2-2023-17(69)/2017

दिनांक 29 मई, 2025 का संलग्नक

सरकार के आदेश

आदर्श कारागार, लखनऊ में निरुद्ध सिद्धदोष बन्दी देशा उर्फ देशराज पुत्र श्री गज्जू, ग्राम-मेहरबान खेड़ा मौजा मेथी टीकुर, थाना-माखी, जनपद-उन्नाव का निवासी है। पूर्व में हुयी हत्या की रंजिश के कारण दिनांक 11-02-2001 को बन्दी ने अपने 10 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूक, लाठी, व कुल्हाडी से मारकर सरजू, चन्द्रिका, सताना, मंगल व रामखेलावन नामक 05 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा अरविन्द नामक व्यक्ति को घायल कर दिया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र संख्या-228/2001 में भा०द०वि० की धारा-302/149, 307/149, 452, 148, 404 के अन्तर्गत में मा0 अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ई०सी० एक्ट) उन्नाव के आदेश दिनांक 18-12-2004 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। बंदी द्वारा दिनांक 16.01.2023 तक 21 वर्ष, 10 माह 26 दिन की अपरिहार सजा तथा 27 वर्ष, 04 माह 17 दिन की सपरिहार सजा भोग ली गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, उन्नाव द्वारा मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि बन्दी द्वारा पूर्व में हुयी हत्या की रंजिश के कारण दिनांक 11-02-2001 को बन्दी ने अपने 10 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूक, लाठी, व कुल्हाडी से मारकर 05 व्यक्तियों की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत सन्देश जायेगा। बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी देशा उर्फ देशराज पुत्र श्री गज्जू को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

शिव गोपाल सिंह

संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।